भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
29.07.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1740 का उत्तर

रेलवे में यात्री यातायात के आंकड़े

1740. श्री लालजी वर्मा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से रेलवे में यात्री यातायात आंकड़ों का वर्ष-वार तथा श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) यात्री रेलगाड़ियों में भीड़-भाड़ की लगातार बनी रहने वाली समस्या से निपटने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने कम किराए वाली यात्री रेलगाड़ियों की संख्या या क्षमता में कमी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का ट्रेनों के सामान्य श्रेणी के डिब्बों में अत्यधिक भीड़-भाड़ की समस्या से निपटने के लिए यात्री ट्रेनों में अतिरिक्त नए डिब्बे जोड़ने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विगत 07 वर्षों (2019-20 से 2025-26) के दौरान, भारतीय रेल से कुल 4,105 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की, जिनमें 505 करोड़ आरक्षित श्रेणी तथा 3,600 करोड़ अनारक्षित श्रेणी के यात्री शामिल हैं (वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 कोविड वर्ष थे)।

भारतीय रेल में, अवातानुकूलित सवारी डिब्बों का प्रतिशत लगभग 70% है जबकि वातानुकूलित सीटों, जो लगभग 22% है, की तुलना में अवातानुकूलित सीटों का प्रतिशत लगभग 78% है जो निम्नानुसार है:

सारणी 1: सवारी डिब्बों का वितरण:

सवारी डिब्बों का प्रकार	सवारी डिब्बों की संख्या	प्रतिशत
अवातानुकूलित सवारी डिब्बे (सामान्य और शयनयान)	~62,000	~70%
वातानुकूलित सवारी डिब्बे	~27,000	~30%
कुल सवारी डिब्बे	~89,000	100%

सारणी 2: सीटों का वितरण:

सीटों का प्रकार	सीटों की संख्या	प्रतिशत
अवातानुकूलित सवारी डिब्बे (सामान्य और शयनयान)	~54 लाख	~78%
वातानुकूलित सवारी डिब्बे	~15 लाख	~22%
कुल सवारी डिब्बे	~69 लाख	100%

अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से, भारतीय रेल ने साधारण श्रेणी के यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए सुविधाओं में काफी बढ़ोतरी की है।

केवल वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ही, कम से कम 4 सामान्य श्रेणी के सवारी डिब्बे वाली लंबी दूरी की विभिन्न गाड़ियों में 1250 साधारण सवारी डिब्बों का उपयोग किया गया। इसी प्रकार, वर्ष 2025-26 के दौरान 160 सामान्य श्रेणी सहित लगभग 870 सवारी डिब्बों का उपयोग स्थायी संवर्धन के लिए किया गया है।

कम और मध्यम आय वर्ग वाले परिवारों की यात्रा संबंधी मांग को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल ने 17,000 अवातानुकूलित सवारी डिब्बों (साधारण/शयनयान) का विनिर्माण शुरू कर दिया है।

इसके अलावा, सामान्य और अवातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए, मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों की संरचना संबंधी

मौजूदा नीति में 22 सवारी डिब्बों वाली एक गाड़ी में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी अवातानुकूलित सवारी डिब्बे और 8 (आठ) वातानुकूलित सवारी डिब्बे का प्रावधान है, जिससे सामान्य और अवातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक सीटें उपलब्ध हो सके।

साथ ही, अनारक्षित स्थान का लाभ उठाने के इच्छुक यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल किफायती यात्रा के लिए अनारक्षित अवातानुकूलित यात्री गाड़ियां/एमईएमयू/ईएमयू आदि को परिचालित करता है, जो मेल/एक्सप्रेस सेवाओं में उपलब्ध अनारक्षित स्थान (सवारी डिब्बों) के अतिरिक्त हैं।

अमृत भारत सेवाएं:

निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को किफायती यातायात साधन उपलब्ध कराने हेतु भारतीय रेल ने अमृत भारत सेवाएँ प्रारम्भ की हैं, जो पूर्णतः अवातानुकूलित आधुनिक रेलगाड़ियां हैं। वर्तमान में, अमृत भारत में 11 सामान्य श्रेणी के सवारी डिब्बे, 8 शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बे, 1 रसोई-यान और 2 सामान सह दिव्यांगजन सवारी डिब्बे शामिल हैं।

उच्च गति और उन्नत संरक्षा मानक इन रेलगाड़ियों की पहचान हैं, जिसमें निम्नलिखित उन्नत विशेषताएं और सुविधाएं हैं:

- वंदे भारत स्लीपर की तर्ज पर बेहतर लुक और फील के साथ सीट और बर्थ का बेहतर सौंदर्यीकरण।
- झटका मुक्त सेमी-ऑटोमेटिक कपलर्स।
- क्रैश ट्यूब के प्रावधान से सवारी डिब्बों में बेहतर क्रैशवर्दीनैस।
- सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी प्रणाली का प्रावधान।
- शौचालयों के बेहतर डिज़ाइन।
- बर्थ पर आसानी से चढ़ने के लिए सीढ़ी की बेहतर डिज़ाइन।
- बेहतर एलईडी लाइट फिटिंग और चार्जिंग सॉकेट।
- ईपी सहायता प्राप्त ब्रेकिंग प्रणाली का प्रावधान।
- शौचालयों और इलैक्ट्रिकल क्यूबिकल्स में एरोसोल आधारित अग्निशमन प्रणाली।
- यूएसबी टाइप-ए और टाइप-सी मोबाइल चार्जिंग सॉकेट।

- **यात्री और गार्ड/रेलगाड़ी प्रबंधक के बीच पारस्परिक संचार के लिए आपातकालीन टॉक-बैक प्रणाली।**
- **उन्नत तापन क्षमता वाला अवातानुकूलित रसोईयान।**
- **आसानी से जोड़ने और अलग करने के लिए त्वरित निस्तारण तंत्र के साथ पूर्ण रूप से सीलबंद गैंगवे।**

30.06.2026 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 36 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस गाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही हैं:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	11015/11016 लोकमान्य तिलक (टर्मिनल) - सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस
2	13697/13698 गया - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
3	15293/15294 मुजफ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
4	15557/15558 दरभंगा - आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस
5	15561/15562 दरभंगा - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
6	15567/15568 बापुधाम मोतिहारी-आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस
7	22361/22362 राजेंद्रनगर (टर्मिनल) - नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
8	13433/13434 एसएमवीटी बेंगलुरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस
9	13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
10	15133/15134 छपरा - आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस
11	14047/14048 सीतामढ़ी - दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
12	14627/14628 सहरसा - छैहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस
13	19623/19624 मदार - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
14	16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस
15	19021/19022 उधना - ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस
16	15671/15672 कामाख्या - रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस

17	20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी - तिरुच्चिराप्पल्लि अमृत भारत एक्सप्रेस
18	16597/16598 एसएमवीटी बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
19	11031/11032 पनवेल - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
20	16107/16108 ताम्बरम - सांतरागाछि अमृत भारत एक्सप्रेस
21	13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस
22	22587/22588 सियालदह - बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस
23	20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस
24	15949/15950 डिब्रूगढ़ - गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस
25	16121/16122 ताम्बरम - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस
26	16329/16330 नागरकोविल - मंगलूरू अमृत भारत एक्सप्रेस
27	17041/17042 चर्लपल्ली - तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अमृत भारत एक्सप्रेस
28	16619/16620 पोत्तनूर - धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस
29	16357/16358 नागरकोविल - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
30	15673/15674 चर्लपल्ली - कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस
31	17065/17066 चर्लपल्ली - शालिमार अमृत भारत एक्सप्रेस
32	22589/22590 बनारस - हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस
33	22111/22112 लोकमान्य तिलक (टर्मिनल) - अयोध्या अमृत भारत एक्सप्रेस
34	14663/14664 अमृतसर - न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस
35	19725/19726 खातीपुरा - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस
36	11431/11432 पुणे - दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस

प्रतीक्षा सूची पैटर्न की नियमित आधार पर निगरानी की जाती है। अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए, परिचालनिक व्यवहार्यता के अध्यधीन स्पेशल रेलगाड़ियों का परिचालन, नई रेलगाड़ियों को शुरू करना, मौजूदा रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/विस्तार, मौजूदा रेलगाड़ियों के भार में स्थायी आधार पर संवर्धन आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए जाते हैं। इसके अलावा,

प्रतीक्षा सूची सीमाओं को भी उस रेलगाड़ी में उपलब्ध उस वर्ग की एकोमोडेशन की उपलब्धता से जोड़कर युक्तिसंगत बनाया गया है।

स्पेशल गाड़ियां:

भारतीय रेल त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त जरूरतों को पूरा करने और नियमित सेवाओं द्वारा उपलब्ध स्थान के अलावा अतिरिक्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए स्पेशल गाड़ी सेवाएं भी परिचालित करता है।

तदनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर गर्मियों/सर्दियों की छुट्टियों, त्यौहारों आदि के दौरान यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए परिचालित स्पेशल गाड़ियों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	**फेरों की संख्या**
2023-24	**~40,500**
2024-25	**~85,400**
2025-26	**~80,500**

****